# भागीरथपुरा : 42 लोग भर्ती, 13 आईसीयू में

## 427 मरीज सामने आए, 385 को उपचार के बाद घर भेजा

**इंदौर, 11 जनवरी. भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में डायरिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर की जा रही निगरानी में रविवार को बड़ी संख्या में मरीज सामने आए. रविवार को समाचार लिखे जाने तक 427 मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से 385 मरीजों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया है.**



वर्तमान में 42 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि 13 मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें आईसीयू में रखा है.सीएमएचओ माधव हसानी ने बताया कि स्थिति पर काबू पाने के लिए 50 स्वास्थ्य दलों ने प्रभावित इलाकों में सर्वे किया. 176 सदस्यों की टीम ने 924 घरों में जाकर ओआरएस और जिंक का वितरण किया. सर्वे के दौरान 3,696 लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं. महिलाओं और बच्चों की विशेष रूप से स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर और एनीमिया की जांच भी शामिल रही. भागीरथपुरा क्षेत्र में संचालित ओपीडी में रविवार को डायरिया के 13 मरीज सामने आए, जिनमें से एक मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया. सर्वे के विश्लेषण में यह सामने आया कि 94 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया कि उन्हें जिंक और ओआरएस उपलब्ध कराया गया है. डॉ. हासानी का कहना है कि प्रभावित क्षेत्र के रहवासियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए हैं, जिनमें उनके स्वास्थ्य से जुड़े प्रमुख सूचकांकों की जानकारी दर्ज की गई है. आशा कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को घबराने की बजाय सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की समझाइश दी जा रही है.

> उन्होंने कहा कि जिलाधीश के निर्देश पर क्षेत्र में मरीजों के परिवहन के लिए तीन एम्बुलेंस तैनात की गई हैं और 24 घंटे चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है. गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल और बच्चों को चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में रेफर किया जा रहा है. निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को भी नि:शुल्क उपचार, जांच और दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में मौजूद हैं और हालात पर पल-पल नजर रखी जा रही है.

# आपसी रंजिश में की थी हत्या, 3 गिरफ्तार

**▸ नाबालिग बालक की हत्या का 72 घंटे में खुलासा**

**आलीराजपुर. थाना जोबट पुलिस ने उल्लेखनीय तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए ग्राम निमथल में घटित नाबालिग बालक की जघन्य हत्या के मामले का मात्र 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है.**

यह सफलता पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी जोबट श्री रविन्द्र राठी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को प्राप्त हुई. 6 जनवरी 2026 को थाना जोबट क्षेत्र के झिकरी बयड़ी, ग्राम निमथल में एक अज्ञात बालक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहाँ प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हुआ. शव की पहचान करण पिता राकेश रावत, निवासी निमथल के रूप में हुई. मृतक के पिता ने बताया कि 04 जनवरी 2026 की रात करण गांव में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम (नाच-पाटला) में गया था, जिसके बाद से वह लापता था. सूचना पर थाना जोबट में अपराध क्रमांक 12/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई. विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से रक्त-रंजित पत्थर बरामद किया. तकनीकी विश्लेषण एवं स्थानीय मुखबिर तंत्र की सहायता से संदेहियों की पहचान की गई. जांच में सामने आया कि मृतक को अंतिम बार गांव के सुशील के साथ देखा गया था.

> आरोपियों ने बताया कि उन्होंने करण को सिगरेट और ताड़ी का लालच देकर गांव के बाहर बुलाया और पत्थर से सिर कुचलकर उसकी नृशंस हत्या कर दी. इस जघन्य अपराध के पीछे तीन गहरे विवाद सामने आए. मृतक द्वारा पूर्व में आरोपी दिलीप के परिजनों के विरुद्ध ग्राम पंचायत में गवाही देना. मृतक के पिता और आरोपी सुशील के परिवार के बीच पुराना घरेलू विवाद, ट्रैक्टर व्यवसाय को लेकर उपजा आर्थिक वैमनस्य है. इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय वास्कले, उप-निरीक्षक गोविन्द कटारे, तथा आरक्षक गजेन्द्र, मनीष, चैनसिंह की भूमिका सराहनीय रही.

# महाकाल महोत्सव की तैयारी में जुटी समिति

**नए साल को देखते हुए मंदिर समिति ने किया था बदलाव**

**उज्जैन, 11 जनवरी. कई दिनों से महाकाल मंदिर सहित महाकाल में श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा था. जिसके चलते भीड़ कम होने का नाम ही नहीं ले रही थी. वहीं यह सिलसिला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामूहिक विवाह किया था.**

जब से ही यह भीड़ का आलम मंदिर में बढ़ता ही जा रहा था. इसके बाद महाकाल मंदिर में अब श्रद्धालुओं की भीड़ कम हो गई है. इसलिए मंदिर समिति ने भी दर्शन व्यवस्था पूर्व की तरह बहाल कर दी है. समिति ने नए साल में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर में प्रवेश व निर्गम आदि की व्यवस्था में बदलाव कर दिया था. वहीं प्रोटोकॉल से वीआईपी दर्शन पर भी रोक लगा दी गई थी. इसके अलावा एक-दो दिन तो अधिक भीड़ होने पर 250 रुपए की टिकट से होने वाले शीघ्र दर्शन भी रोकना पड़े थे. लेकिन अब धीरे-धीरे श्रद्धालु कम होने लगे तो समिति ने दर्शन व्यवस्था को भी पूर्व की तरह कर दिया. महाकाल मंदिर समिति अब नए कार्यक्रम की तैयारी में जुट गया है. 14 जनवरी से होने वाले नए कार्यक्रम श्री महाकाल महोत्सव की तैयारी में जुटी हुई है. जिसमें देशभर के कलाकार शामिल होंगे.

**▸ 18 तक चलेगा महोत्सव**

कार्यक्रम में शंकर महादेवन, सोना महापात्रा जैसे उच्च कोटि के कलाकार शिरकत करने वाले है. 18 जनवरी तक महोत्सव चलेगा. पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 14 जनवरी की शाम 7 बजे मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे. संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया और राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज सहित कई हस्ती शामिल होगी. आयोजन महाकाल लोक और त्रिवेणी संग्रहालय परिसर में शाम 7 बजे से होगा.

## नियंत्रण से बाहर बांधवगढ़ की बाघिन घर में घुसी, गांव में दहशत

**शिवपुरी.** माधव टाइगर रिजर्व में छोड़ी गई बांधवगढ़ की बाघिन एमटी-6 अब वन विभाग के नियंत्रण से बाहर होकर रिहायशी इलाकों में घुस रही है. अमोला घाटी से भटकती हुई यह बाघिन वापस सुरवाया के मोहम्मदपुर खुटेला गांव जा पहुंची और वहां मनीराम आदिवासी के घर में घुस गई. इस घटना ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया है. जब बाघिन खेतों के रास्ते गांव में दाखिल हुई, तो उसने एक भैंस पर हमला कर उसे घायल कर दिया. दूसरी भैंसों के आ जाने से बाघिन वहां से हट गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था.

# गौमांस तस्करी को लेकर हिन्दू संगठनों का प्रदर्शन

**रतलाम, 11 जनवरी. गौमांस तस्करी के विरोध में रविवार को हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने बाजना बस स्टैंड चौराहे पर प्रदर्शन किया.**



प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि जिले में गौमांस परिवहन और तस्करी की जा रही हैं. गौमांस परिवहन को रोकने और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर रविवार को बाजना बस स्टैण्ड पर गौरक्षा दल व हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम कर दिया. चक्काजाम स्थल पर अनेक पुलिस अधिकारी मौजूद है और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश करते रहे. बताया जा रहा है कि वीर भगतसिंह गौरक्षा दल के सदस्यों को यह सूचना मिली थी कि प्रत्येक रविवार को कुछ संदिग्ध व्यक्ति रतलाम से गौमांस लेकर मोरवनी की ओर जाते है.

> सूचना के आधार पर गौरक्षा दल के सदस्यों ने मोरवानी मार्ग पर निगाहबीनी की. सुबह करीब नौ बजे पांच मोटर साइकिलों पर कुछ लोग मांस को बोरों में बान्ध कर ले जाते नजर आए. गौरक्षा दल के सदस्यों ने इन मोटर साइकिल सवारों को रोकने की कोशिश की,लेकिन इनमें चार मोटर साइकिल सवार तो वहां से भाग गए,जबकि एक मोटर साइकिल सवार को पकडने की कोशिश के दौरान वह व्यक्ति मोटर साइकिल वहीं छोड कर भाग निकला.

## एक नजर में



### 8 स्थानों पर हिन्दू सम्मेलनों का हुआ आयोजन

**नीमच, 11 जनवरी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शहर में रविवार को 8 विभिन्न स्थानों पर भव्य हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन सम्पन्न हुआ. इन सम्मेलनों के माध्यम से हिन्दू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया. सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा.प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शहर के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर न्यू इंदिरा नगर, इंदिरा नगर मांगलिक भवन, श्रीकृष्ण मंदिर ग्वालटोली, गौधाम बालाजी मंदिर किलेश्वर रोड, सीएसपी कार्यालय के पास शास्त्री नगर बगीचा, वीनू वाटिका जवाहर नगर, सरस्वती शिशु मंदिर विकास नगर तथा भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सम्मेलन आयोजित किए गए. प्रत्येक स्थान पर बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही.सम्मेलनों की शुरुआत भव्य शोभायात्राओं से हुई, जिनमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए. इसके पश्चात संत-सत्संग, प्रेरणादायी उद्बोधन और विचार गोष्ठियों का आयोजन किया गया.

### प्रबंधन 10 लाख मुआवजा देने पर सहमत

**सौसर 11जनवरी.** औद्योगिक क्षेत्र स्थित गुलशन कंपनी में श्रमिक धनराज गुजवार की दर्दनाक मौत के बाद उपजा विवाद प्रशासन और प्रबंधन के बीच हुई लंबी चर्चा के बाद शांत हो गया है. कंपनी प्रबंधन मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने पर सहमत हो गया है. कई दौर की वार्ता के बाद बनी इस सहमति के बाद आंदोलन समाप्त हुआ. शनिवार को हादसे के बाद से ही कंपनी परिसर में तनाव की स्थिति बनी हुई थी. विधायक विजय चौरे और ग्रामीणों के कड़े रुख को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया. मृतक धनराज गुजवार, जो कि एक अकुशल श्रमिक था और ठेका पद्धति के तहत कार्यरत था, उसके परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उचित मुआवजे की मांग की जा रही थी. अंततः प्रबंधन ने 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का लिखित आश्वासन दिया. समझौते के तहत दो लाख नगद और शेष राशि चेक के माध्यम से देने का तय हुआ है. बता दें कि कबर पिपला निवासी धनराज की बॉयलर सफाई के दौरान मशीन के बेल्ट में फंसने से मौत हुई थी. इस समझौते के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है.

# पुलिस का छापा, 3 .50 लाख के फ्रॉड का लिंक मोबाइल दुकान से मिला

**शिवपुरी, 11 जनवरी. उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस 3.50 लाख रुपए के क्रेडिट कार्ड फ्रॉड की जांच के लिए शिवपुरी पहुंची है. पुलिस टीम ने शहर के मिलन मोबाइल सेंटर पर पहुंचकर पूछताछ की और एक कर्मचारी को थाने ले जाकर बयान दर्ज किए.**

मामले में गाजियाबाद के एक व्यापारी के क्रेडिट कार्ड से साइबर ठगों ने ऑनलाइन खरीदारी की थी, जिसका लिंक शिवपुरी से मिला है. पुलिस ने दुकान संचालक राहुल बंसल के नाम नोटिस जारी कर उन्हें जांच के लिए गाजियाबाद थाने में तलब किया है. जांच में सामने आया कि फ्रॉड की राशि से खरीदा गया एक मोबाइल शिवपुरी निवासी सोनू बाथम के पास है. सोनू ने यह मोबाइल मिलन मोबाइल सेंटर से 39 हजार रुपए में खरीदा था. जब पुलिस सोनू के पास पहुंची, तो उसने खरीद का पक्का बिल दिखाते हुए बताया कि उसने यह मोबाइल दुकान से वैध तरीके से खरीदा है.सोनू द्वारा बिल दिखाए जाने के बाद गाजियाबाद पुलिस सीधे मिलन मोबाइल सेंटर पहुंची. दुकान के कर्मचारी रंजीत ने पुलिस को बताया कि उक्त मोबाइल उन्हें शहर के ही एक युवक सौरभ ने बेचा था. पुलिस ने सौरभ को भी पूछताछ के लिए पकड़ा, लेकिन मोबाइल बेचने की बात से साफ इनकार कर दिया.

## नादिया नगर से संजय नगर तक पागल कुत्ते का आतंक

**इंदौर.** शहर के नादिया नगर, एलआईजी कॉलोनी, शिवशक्ति नगर और संजय नगर क्षेत्र में रविवार को एक पागल कुत्ते ने करीब दो घंटे तक आतंक मचाए रखा. इस दौरान कुत्ते ने अलग अलग जगहों पर छह से अधिक लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. हमले इतने अचानक और हिंसक थे कि कई लोगों के हाथ पैर में गहरे जख्म आए और कुछ को कुत्ते ने लंबे समय तक जबड़े में दबाए रखा. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया. क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इलाके में अचानक कुत्ता राह चलते लोगों पर लपकने लगता है.

# पैदल मार्च में चंबल अंचल की बड़ी भागीदारी

**जहरीले पानी से हुई मौत को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन**

**भिंड, 11 जनवरी. इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई 21 मौतों के खिलाफ आज हुए कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च में चंबल अंचल की बड़ी भागीदारी रही.**



इंदौर में हुए जन आक्रोश प्रदर्शन में भिंड जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुचें. इस बीच ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मनरेगा कें मुद्दे को लेकर विरोध एवं संगठन सृजन के अन्तर्गत ग्राम पचांयत एवं वार्ड कमेटियों का गठन किया गया है. भिंड जिला ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीला एवं दूषित पानी पीने से अब तक 21 निर्दोष नागरिकों की मौत और 1000 से अधिक लोगों के बीमार होने की भयावह घटना ने भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और प्रशासनिक विफलता को उजागर कर दिया है. यह केवल हादसा नहीं, बल्कि शासन की आपराधिक लापरवाही का परिणाम है. इन मौतों और आम नागरिकों की जान से खुलेआम खिलवाड़ के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सुबह 11 बजे इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर से राजवाड़ा चौक स्थित माँ अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थल तक प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन किया गया.

# गौसेवा का संकल्प व सामूहिक पूजन किया

**ग्वालियर. लायंस इंटरनेशनल, प्रांत 3233 ई-1 प्रांतपाल एमजेएफ़ लायन सुधीर वाजपेयी द्वारा पोषण पर्व सप्ताह का आयोजन संपूर्ण प्रांत में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत लायंस क्लब ग्वालियर सिटी द्वारा 'पशु-पक्षी पोषण दिवस' आदर्श गौशाला, लाल टिपारा, मुरार पर पक्षियों को दाना-पानी, गौमाता को हरा चारा अर्पण एवम सामूहिक गौ पूजन कर मनाया गया.**



इस अवसर पर स्वामी श्री ऋषभदेव ने गौशाला में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी, मौन प्रार्थना, मंत्र साधना बताते हुए प्रकृति से जुड़ाव के फायदे, गौमाता की सेवा का महत्व समझाया एवम गौसेवा का संकल्प कराया. इस अवसर पर ऑन स्पॉट ड्राइंग कॉम्पीटिशन का आयोजन भी किया गया जिसमे विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति का सानिध्य एवम गौशाला में होने वाली विभिन्न गतिविधियों का जीवंत चित्रण ड्राइंग सीट पर किया गया. कॉम्पीटिशन में निम्न विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए: हर्षा यादव प्रथम, प्रिंस मांझी द्वितीय एवं मुस्कान चौहान तृतीय. इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमित नत्थानी, मानसेवी सचिव आशुतोष द्विवेदी, कोषाध्यक्ष वैभव सिंघल, प्रांतपाल सुधीर वाजपेयी, प्रांत कोषाध्यक्ष रामकिशन सिंघल सहित बड़ी संख्या में क्लब के पदाधिकारीगण एवम सदस्यों ने गौसेवा का पुण्य प्राप्त किया. कार्यक्रम के संयोजक पवन दारा थे.

## कार रेंटल कंपनी से साढ़े दस लाख की ठगी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में कार रेंटल कंपनी से लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. कार किराये पर लेकर न तो भुगतान किया गया और न ही वाहन लौटाए गए. जांच में सामने आया कि आरोपित ने वाहनों को फर्जी दस्तावेजों के सहारे गिरवी रखकर बेच दिया. पुलिस ने मामले में अब प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार फरियादी 25 वर्षीय प्रीतम कुशवाह, निवासी 373 सेक्टर-ई, स्लाइस-3, स्कीम नंबर 78 इंदौर, श्रीबागेश्वर कार रेंटल कंपनी का संचालन करते हैं, उन्होंने शिकायत में बताया कि 26 वर्षीय अंजन श्रीवास्तव, निवासी डी-43 नवलक्खा कॉम्प्लेक्स, सपना संगीता रोड इंदौर ने उनसे कारें किराये पर ली थीं.

# दिवा विजेता अवनी गुप्ता ने कहा बॉलीवुड में काम करना मेरा सपना

**ग्वालियर, 11 जनवरी. दिवा विजेता 2025 अवनी गुप्ता ने कहा है कि आगामी समय में मिस वर्ल्ड के लिए मैं भारत का प्रतिनिधित्व करूंगी.**




मिस अवनी गुप्ता आज ग्वालियर में मीडिया से चर्चा कर रही थीं उन्होंने कहा कि मेरा सपना है कि मैं मिस वर्ल्ड का खिताब जीत कर बॉलीवुड में काम करूं. इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए मैं अपने परिवार जनों का आभार मानती हूं जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने में पूर्ण समर्थन किया. उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि मेरा बचपन से ही मॉडलिंग में जाने का सपना था जो अब पूरा हुआ है. कड़ी मेहनत के बाद मुझे यह खिताब मिला है. यह खिताब ही नहीं एक जिम्मेदारी है जिसे मैं पूर्ण रूप से निभाऊंगी. मॉडलिंग के क्षेत्र में मेरी आइडियल प्रियंका चोपड़ा हैं. उन्होंने ग्वालियर के युवाओं के बारे में कहा कि मॉडलिंग के लिए काफी मेहनत करना पड़ती है.

**स्पर्धा ▸ क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन**

# खेल एक सूत्र में बांधते हैं : उप मुख्यमंत्री

**रीवा, 11 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं. खेल के मैदान में सभी खिलाड़ी एक जुट होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर टीम को हर संभव जीत दिलाने का प्रयास करते हैं.**



उप मुख्यमंत्री ने अपने गृह ग्राम ढ़ेरा में स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की. ढ़ेरा में आयोजित 11वें क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ढ़ेरा का नाम लंबे समय से लिया जाता रहा है. आयोजकों ने सुव्यवस्थित ढंग से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया. फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा. खेल कभी एक टीम के पक्ष में तो कभी दूसरी टीम के पक्ष में जाता दिखा. उन्होंने कहा कि जीत और हार सिक्के दो पहलू हैं. जीतने पर अहंकार नहीं होना चाहिए और हारने पर निराश भी नहीं होना चाहिए. श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे पूज्य पिता जी कहते थे कि हर परिस्थिति में समभाव रखना चाहिए.

> श्री शुक्ल ने कहा कि ढ़ेरा के युवा पूज्य पिता जी की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं जिससे खेल का विकास होता और नई-नई प्रतिभाएं आगे आती हैं. उन्होंने कहा कि रीवा और मऊगंज के क्रिकेट के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं. कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष मऊगंज डॉ. राजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है.

# जांच में सहयोग, रिपोर्ट अब तक नहीं मिली : कुलपति

**▸ विवि में 3 .50 करोड़ की पंचगव्य योजना के आरोपों पर कुलपति ने रखा अपना पक्ष**

**जबलपुर, 11 जनवरी. नानाजी देशमुख पशु चिकित्सालय विश्वविद्यालय में पंचगव्य योजना के तहत गोबर और गोमूत्र पर शोध के लिए स्वीकृत 3 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि को लेकर घोटाले के आरोप सामने आए हैं.**



इस मामले में विश्वविद्यालय के कुलपति मनदीप शर्मा ने प्रेस वार्ता कर जांच समिति द्वारा उठाए गए सवालों पर सफाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय ने जांच में पूरा सहयोग किया है, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है. प्रेस वार्ता में कुलपति ने कहा कि परियोजना से जुड़े सभी दस्तावेज जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जा चुके हैं और विश्वविद्यालय ने जांच में पूरा सहयोग दिया है. इसके बावजूद अब तक जांच समिति की रिपोर्ट विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हुई है. कुलपति ने बताया कि वर्ष 2012 में राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति द्वारा पंचगव्य उत्पादों के विकास हेतु स्वदेशी गोवंश अनुसंधान केंद्र की स्थापना परियोजना को मंजूरी दी गई थी. यह परियोजना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 3.50 करोड़ रुपये की राशि के साथ स्वीकृत हुई थी. परियोजना की रूपरेखा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. यशपाल साहनी ने तैयार की थी और उन्हें ही इसका प्रमुख अन्वेषक नियुक्त किया गया था. उन्होंने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी और विदेशी नस्लों के गोवंश के गोबर और मूत्र से पंचगव्य उत्पादों का निर्माण करना और उनके प्रभाव की तुलना करना था. कुलपति अनुसार परियोजना के दोनों उद्देश्य पूरे किए और कार्य पूर्ण होने के बाद इसकी रिपोर्ट वित्तपोषण एजेंसी को भेजी गई.

## ट्राले ने 3 कार व बाइक को रौंदा, एएसआई की पत्नी की मौत

**बैतूल.** बरेठा घाट में तेज रफ्तार ट्राले ने एक के बाद एक चार गाड़ियों को टक्कर मारी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों कारों एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गई, जबकि बाइक नीचे दब गई. बाइक सवार एएसआई बुरी तरह घायल हो गए, उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत गई. हादसा रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ. इससे बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर करीब आधा घंटे तक जाम लगा रहा. ट्राला चालक मौके से भाग निकला. बरेठा घाट पर एक कंटेनर चढ़ाई से नीचे आ रहा था. उसे साइड देने घाट चढ़ने वाले लोगों ने वाहन किनारे लगा लिए. इसी दौरान पीछे से ट्राले ने तीन कारों और एक बाइक को टक्कर मार दी.